**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.08.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से हमीरपुर और कांगडा जिला के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह आज डाडासीबा में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे वही मछुआरा सम्मान निधि वितरण व मछुआरा सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। आज शाम मुख्यमंत्री का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन के भवन के शिलान्यास का कार्यक्रम है। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव सेरा के लिए रवाना होंगे। कल सुबह मुख्यमंत्री कांगू में जन स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वह देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे यहां मुख्यमंत्री मछुआरा सम्मान निधि वितरण व सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

**भारत–नेपाल–बाढ़**

विदेश मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार नेपाल की बाढ़ आपदा से अब तक 84 भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है। इनमें त्रिशुली परियोजना के 63 कर्मचारी और तमिलनाडु के 21 लोग शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि 320 भारतीयों के बारे में अभी भी कोई जानकारी नहीं मिली है क्योंकि उनसे अभी कोई संपर्क नहीं हो पाया है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि 149 लोग चीन से नेपाल में सुरक्षित प्रवेश कर चुके हैं। चीन में लगभग 4 सौ भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। भारतीय दूतावास इन लोगों से लगातार संपर्क बनाए हुए है, और उन्हें वहां से निकालने के प्रयास जारी है।

**थेरेपी ऑन व्हील्स**

प्रदेश में दुर्गम और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा, थेरेपी और विशेषज्ञ सेवाएं पहुंचाने के उदेश्य से समग्र शिक्षा और सांफिया फाउंडेशन ने थेरेपी ऑन व्हील्स सेवा शुरू करने की पहल की है। इसके शुरूआती चरण में मंडी, शिमला और कांगड़ा जिलों में 3 मोबाईल रिर्सोस सेंटर स्थापित किए जाएंगे जिसमें 3 बसों को विशेष रूप से थेरेपी उपकरण, काउंसलिंग और पूनर्वास से जुड़ी सुविधाओं से लेस किया गया है। समग्र शिक्षा के परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि कठिन भौगोलिक परिस्थितयों में ये मोबाईल सेंटर उन बच्चों तक विशेषज्ञ सेवा पहुंचाने में मद्द करेंगे जिससे बच्चों को फिजियो थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच और लेंग्वेज थेरेपी सहित विशेष शिक्षा और पूनर्वास जैसी सुविधाएं मिलेगी।

**कोल्ड स्टोर**

राज्य सरकार और केंद्र की एकीकृत बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत अब किसानों–बागवानों को छोटे कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश की फल और सब्जियों की पैदावार को जल्द खराब होने से बचाया जा सकेगा साथ ही दो से तीन महीनों तक बाजार में अच्छे मूल्य मिलने तक स्टोर किया जा सकेगा। ये जानकारी देते हुए

उद्यान विभाग के निदेशक सतीश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत 10 से 30 मिट्रिक टन तक के कोल्ड स्टोर स्थापित किए जा रहे हैं।

**पुल निर्माण**

लाहौल–स्पीति जिला के उदयपुर में बीते दिनों फलैश फल्ड से टूटे पुल और सड़क मार्ग के बहाल न होने से स्थानीय ग्रामीणों को अपनी गोभी की पैदावार मंडियों तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे किसानों को आर्थिकी प्रभावित हो रही है। पेश है

**मौसम**

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से कमजोर पड़ा मॉनसून आज शाम से एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के मध्यवर्ती जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश का दौर देखने को मिलेगा। मॉनसून सीजन में बीते तीन महीनों के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में औसतन प्रदेश में 10 प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। इस दौरान लाहौल–स्पीति जिले में 57 प्रतिशत, हमीरपुर में 35 प्रतिशत और मंडी में 17 प्रतिशत तक सामान्य से कम बारिश हुई है।

——————————